प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/1105 दिनांकः 20 जुलाई, 2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के रेगुलर तथा कैरी ओवर हेतु द्वितीय चरण की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र, वेरिफिकेशन जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत हो कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की द्वितीय चरण की परीक्षायें विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदनोपरान्त **दिनांक 23 जुलाई, 2024 से 24 अगस्त, 2024 तक** ऑफ–लाइन मोड में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराया जाना निर्धारित है।

उपरोक्त के सन्दर्भ में सूचित करना है कि उपरोक्त परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र, वेरिफिकेशन कार्ड एवं परीक्षार्थियों की सूची इत्यादि संस्थान/परीक्षा केन्द्रों की ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है तथा पात्र/अर्ह छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र छात्र तथा संस्थान के ई0आर0पी0 लॉगिन में स्वतः ही निर्गत हो जायेगा। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि प्रवेश पत्र पर यदि किसी छात्र/छात्रा का फोटो नहीं लगा है, ऐसे सभी छात्रों को सम्बन्धित संस्थान छात्र की मूल फोटो चस्पा करने के उपरान्त सत्यापन कराते छात्र को निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर भेजना सुनिश्चित करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को प्रवेश पत्र प्राप्त करने हेतु सूचित करते हुए यथा आवश्यक कार्यवाही करते हुए सेमेस्टर परीक्षा में पूर्ण सहयोग करने का कष्ट करें।

भवदीय

20/07/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक